सामाजिक अधिकारिता शिविर

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में **ADIP (दिव्यांग व्यक्तियों को सहायता) योजना के तहत 9000 से अधिक पूर्व-चिह्नित दिव्यांगजन** लाभार्थियों को सहायता और सहायक उपकरणों के वितरण के लिये संपूर्ण भारत में 75 स्थानों पर **सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया था।**

सामाजिक अधिकारिता शिविर क्या है?

परिचय:

- सामाजिक **अधिकारिता शिविर (सामाजिक अधिकारिता शिविर) विकलांग लोगों और वरिष्ठ नागरिकों** को **सहायक उपकरण** प्रदान करने के लिये आयोजित **वितरण शिविरों** की एक शृंखला है। यह वर्ष **1981 से** संचालित है।

आयोजक:

- इसका आयोजन **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय** के तहत **विकलांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण विभाग (DEPWD) द्वारा ALIMCO (कृत्रिम अंग निर्माण निगम)** और **ज़िला प्रशासन** के सहयोग से किया जाता है।

परिभाषा:

- **यह योजना दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016** में दी गई विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं की परिभाषाओं का अनुसरण करती है।

अनुदान:

- ADIP योजना के अंतर्गत सहायता उपकरणों की खरीद और वितरण के लिये विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों **ALIMCO, राष्ट्रीय संस्थान, समग्र क्षेत्रीय केंद्र, ज़िला विकलांगता पुनर्वास** केंद्र, राज्य विकलांग विकास निगम, **गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ)** आदि) को अनुदान जारी किया जाता है।

दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण/सहायक उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिये सहायता योजना (ADIP योजना)

- ADIP योजना **विकलांग व्यक्तियों को पुनर्वास के लिये आधुनिक सहायता और उपकरण प्रदान** करके सहायता करती है।
- इसमें सहायक उपकरण प्रदान करने से पहले **सुधारात्मक सर्जरी हेतु सहायता शामिल है।**
- इसे अंतिम बार अप्रैल 2024 में अद्यतन किया गया था, जो **मार्च 2026 तक जारी रहेगा।**

दिव्यांगजनों के लिये अन्य संबंधित पहल:

- सुगम्य भारत अभियान: दिव्यांगजनों के लिये सुगम्य वातावरण का सृजन
- दीनदयाल विकलांग पुनर्वास योजना
- विकलांग छात्रों के लिये राष्ट्रीय फेलोशिप
- विशिष्ट विकलांगता पहचान परियोजना
- अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस

मानसिक स्वास्थ्य के लिये पहल:

- राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम
- किरण: मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास हेल्पलाइन।

और पढ़ें: [अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस - दृष्टि आईएएस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/samajik-adhikarita-shivirs